समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0)

दिनांक 30/3 मार्च, 2022 को किया गया

1. पक्षकार

इस समझौता ज्ञापन में उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, शान्तीपुरम्, फाफामऊ, प्रयागराज प्रथम पक्षकार के रूप में शामिल होगा।

दूसरे पक्षकार के रूप में हिन्दुस्तानी एकेडमी, उ.प्र. प्रयागराज, 12 डी, कमला नेहरू मार्ग, प्रयागराज शामिल होगा। समझौता ज्ञापन में इस संस्था से संबंधित उत्तरवर्ती निष्पादक, प्रशासक और प्राधिकृत समुनिदेशिती शामिल होंगे।

2. उद्देश्य

2.1 विश्वविद्यालय और भागीदार संस्था को संकाय और शिक्षार्थियों (छात्रों) के मध्य शैक्षणिक, व्यवसायिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहायता करके यह समझौता, अध्ययनशील सहयोग, सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) किया जा रहा है। तद्नुसार, सहयोग के क्षेत्रों में पारस्परिक सहमति के अधीन, प्रत्येक पक्ष की ओर से वांछनीय एवं सुविधाजनक समझ के अनुसार विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया गया कोई कार्यक्रम शामिल होगा और दोनों ओर से दोनों पक्षकारों के बीच सहयोगी संबंध बनाए रखने और उसे प्रगाढ़ करने के लिए योगदान करेंगे।

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज और हिन्दुस्तानी एकेडमी, उ.प्र. प्रयागराज से दोनों पक्षों के पास उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञता की साझेदारी द्वारा सांस्कृतिक साहित्यिक सृजन को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक संबंध को सुदृढ़ और उसे सशक्त करने का इच्छुक है।

दोनों पक्षों के मध्य सहयोग के इस विशिष्ट क्षेत्र में निम्नलिखित बिन्दु शामिल होंगे:–

क). संयुक्त अनुसंधान गतिविधियाँ,

ख). किसी भी पक्ष द्वारा अथवा दोनों द्वारा आयोजित सेमिनारों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं आदि में भागीदारी करना,

ग). संयुक्त सम्मेलन/सेमिनार/कार्यशालाएं आयोजित करना,

घ). विशेष शैक्षिक कार्यक्रम विकसित करना और निष्पादित करना,

ड). संयुक्त परामर्श सेवाएं प्रदान करना,

च). दोनों पक्षों की पूर्व सहमति से संकाय सदस्यों का आदान प्रदान करना,

30.03.2022

छ). दोनों पक्षों की पूर्व सहमति से शैक्षिक सामग्री का आदान प्रदान करना।

2.2 समझौता ज्ञापन परस्पर सम्मत उद्देश्यों और परिणामों के आधार पर, विशिष्ट अनुबंधों के लिए किसी भी समय किया जाएगा, किन्तु इसके लिए कुलसचिव और अभिव्यक्त रूप से निर्दिष्ट प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर अपेक्षित होंगे।

2.3 इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थाओं में शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए निर्दिष्ट, दोनों पक्षकारों के बीच शैक्षिक ढाँचा तैयार करना है। पक्षकार एक दूसरे के लिए बाध्यकारी होना नहीं चाहते हैं, और इस समझौता ज्ञापन से किसी भी पक्ष पर कानूनी दायित्व आरोपित नहीं होते हैं।

3. सूचनाएं

प्रत्येक सूचना, अनुरोध अथवा इस समझौता ज्ञापन के अनुसरण में दिए जाने के लिए अपेक्षित या अनुमन्य कोई अन्य सूचना लिखित में होगी और या तो व्यक्तिगत रूप में दी जाएगी अथवा इसे संबंधित पक्ष के कुलसचिव को उनके नीचे लिखे पते पर पंजीकृत डाक से अथवा कोरियर के माध्यम से अथवा ई–मेल के माध्यम से दी जाएगी। (जिसकी पावती दूसरे पक्ष द्वारा स्वीकार की जाएगी):

4. प्रचार एवं विज्ञापन

दोनों पक्ष इस बात से सहमत हैं कि प्रत्येक पक्ष इस समझौता ज्ञापन के तहत दी गई गतिविधियों के अस्तित्व और स्वरूप को प्रकाशित और विज्ञापति कर सकेगा।

इस समझौता ज्ञापन में उल्लिखित किसी भी बात का अर्थ गोपनीय के रूप में नहीं लगाया जाएगा।

5. समझौता ज्ञापन की अवधि

5.1 यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक पक्ष द्वारा इस पर हस्ताक्षर करने के समय से 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगा जिसकी समाप्ति पर अन्य 5 वर्ष के लिए इसके संभावित नवीनीकरण के लिए इसकी समीक्षा की जाएगी।

5.2 कोई भी पक्ष 60 दिन की लिखित सूचना पर इस समझौता ज्ञापन को इसकी सामान्य समाप्ति से पहले रद्द कर सकता है अथवा इसकी शर्तों के संबंध में बातचीत करने का अनुरोध कर सकता है।

6. अन्य शर्ते

6.1 इस समझौता ज्ञापन के संबंध में उत्पन्न किसी विवाद या मतभेद का समाधान सौहार्दपूर्ण निपटारे के माध्यम से किया जाएगा।

30.03.2022

6.2 प्रत्येक पक्ष मिलकर क्षतिपूर्ति करेगा और इस समझौता ज्ञापन के तहत प्रारंभ की गई गतिविधियों से अथवा इसकी ओर से कार्यरत कर्मचारियों या अन्य व्यक्तियों की इस सहयोगी गतिविधियों के किसी पहलू के निष्पादन के समय किसी कृत्य या त्रुटि से उत्पन्न नुकसान अथवा दावों से जुड़ी किसी अथवा सभी लागतों के लिए प्रत्येक पक्ष को नुकसान से अलग रखेगा।

6.3 यह समझौता ज्ञापन दो मूल प्रतियों में होगा और दोनों पक्षों के पास इसकी एक–एक मूल प्रति होगी।

इसमें उल्लिखित पक्षकारों ने सहमति से उपर्युक्त खंडों की सहमति में आज दिनांक 30 मार्च, 2022 को इस दस्तावेज पर निम्नानुसार अपने हस्ताक्षर किए हैं:

30.03.2022

डॉ. पी.पी. दुबे
कुलसचिव
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्तीपुरम्, फाफामऊ, प्रयागराज – 211021

डॉ. उदय प्रताप सिंह
अध्यक्ष
हिन्दुस्तानी एकेडमी, 12 डी, कमला नेहरू मार्ग,
सिविल लाइन्स, प्रयागराज–211001